<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

गृहविज्ञान महाविद्यालय में नवागंतुकों हेतु स्वागत कार्यक्रम आयोजित

पंतनगर। 14 अप्रैल 2022। विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के स्वागत के लिए एक फ्रेशर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, डा. ब्रिजेश सिंह; कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला व अधिष्ठात्री, डा. अल्का गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस कार्यक्रम में प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र–छात्राओं ने नृत्य, गीत–संगीत व नाट्य प्रस्तुति में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग कर अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के लगातार तीन चरणों, प्रश्नोत्तरी, इंडक्शन व रैंपवॉक, को पार करने के बाद मिस्टर व मिस फ्रेशर और मिस्टर व मिस एलिक्वेंट का चयन किया गया, जिसमें प्रथम वर्ष सेमिस्टर फ्रेशर अमृतपाल एवं मिस फ्रेशर सांभवी झा रहे तथा द्वितीय वर्ष सेमिस्टर एलिक्वेंट शशांक गंगवार व मिस एलिक्वेंट वंशिका तिवारी रहे।

विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं कुलसचिव ने अपने संदेश के माध्यम से नवागंतुकों को विश्वविद्यालय परिवार का हिस्सा बनने पर बधाई दी। गृहविज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्री, डा. अल्का गोयल ने सभी छात्र–छात्राओं को आशीष देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टाफ काउंसलर, टीए खस्तगीर एवं को–स्टाफ काउंसलर, डा. शेफाली मैसी का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम में उपस्थित कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला एवं अन्य अधिकारीगण।

कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों के साथ अधिकारीगण।